# झारखंड में खुलेगा यूनिटी मॉल

## चर्चा में क्यों?

8 जून, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड की राजधानी राँची में यूनिटी मॉल खुलेगा, जहाँ एक ही छत के नीचे लोग देवघर का पेड़ा, खरसावाँ के चिरौंजी के अलावा बिहार का जर्दालु आम, मखाना, लीची व ओडिशा का रसगुल्ला खरीद सकेंगे।

## प्रमुख बिंदु

- इस मॉल में झारखंड के 24 ज़िलों के खास पहचान वाले उत्पादों के स्टॉल भी होंगे। वहीं, देश के सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के भी जीआई टैगवाले उत्पादों के स्टॉल होंगे। इसके लिये राज्य सरकार से राँची में चार से पाँच एकड़ ज़मीन की मांग की गई है।
- यूनिटी मॉल में एक ज़िला एक उत्पाद और अन्य हस्तशिल्प उत्पादों के प्रचार और बिक्री के लिये जगह मिलेगी। यही नहीं, इसमें दूसरे राज्यों के उत्पाद की बिक्री भी की जा सकेगी।
- गौरतलब है कि केंद्र सरकार के वाणिज्यिकर मंत्रालय ने सभी राज्यों में यूनिटी मॉल खोलने के लिये ड्राफ्ट मांगे थे। झारखंड के उद्योग विभाग द्वारा राँची में यूनिटी मॉल खोलने का प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया है।
- यूनिटी मॉल का निर्माण केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों के सहयोग से होगा। इसके लिये केंद्र 50 करोड़ रुपए देगा।
- उल्लेखनीय है कि एक ज़िला एक उत्पाद योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। इसका उद्देश्य सभी राज्यों के हर ज़िला के एक उत्पाद को राष्ट्रीय पहचान देना है और स्थानीय स्तर पर ही रोजगार उपलब्ध कराना है।
- इस योजना के अंतर्गत आनेवाले उद्योगों को सूक्ष्म, लघु और मध्यम श्रेणी में रखा गया है। सरकार द्वारा इन उद्योगों को लगाने पर 35 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाती है।
- झारखंड में एक ज़िला एक उत्पाद चिह्नित-
  - ज़िला उत्पाद - देवघर व दुमका का पेड़ा, पू. सिंहभूम का टमाटर, हजारीबाग का गुड़, जामताड़ा की मिर्च, खूंटी का इमली, कोडरमा का नींबू, लोहरदगा का मधु, पाकुड़ का आम, रांची का अमरूद, साहबिगंज का आम, सरायकेला का चिरौंजी, प.सिंहभूम का शरीफा, बोकारो का कटहल, चतरा का टमाटर, धनबाद व गढ़वा का आलु, गिरिडीह का टमाटर, गोडन्न का आम, गुमला का हरी मिर्च, पलामू का टमाटर, रामगढ़ का पपीता, सिमडेगा का आम आदि।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/unity-mall-will-open-in-jharkhand